दिन– सोमवार | दिनांक– 01/12/2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से। | अवधिः– 15 मिनट

---

01. नव गठित अठारहवीं बिहार विधानसभा का प्रथम सत्र आज से शुरू। प्रोटेम स्पीकर नरेंद्र नारायण यादव ने नवनिर्वाचित सदस्यों को दिलाई शपथ।अनंत सिंह समेत छह सदस्य नहीं ले सके शपथ।

02 भाजपा के वरिष्ठ नेता प्रेम कुमार विधानसभा के नये अध्यक्ष होंगे। किया नामांकन। कल होगी निर्वाचन की औपचारिक घोषणा।

03. संसद का शीतकालीन सत्र भी आज से शुरू हुआ। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विपक्षी दलों से बिहार विधानसभा चुनाव की हार से बाहर निकलकर सत्र के सुचारू संचालन में भाग लेने की अपील की।

04. और, कांग्रेस ने कहा– राजद के साथ अब नहीं है कोई गठबंधन। दोनों दलों का चुनावी गठबंधन था।

---

नव गठित अठारहवीं बिहार विधानसभा का प्रथम सत्र आज से शुरू हो गया है। पाँच दिवसीय सत्र के पहले दिन आज प्रोटेम स्पीकर नरेंद्र नारायण यादव ने नवनिर्वाचित सदस्यों को शपथ दिलाई। सबसे पहले उप–मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा तथा मंत्रिमंडल के अन्य सदस्यों को शपथ दिलाई गई।

———बाइट———

मंत्रियों के बाद राजद विधायक दल के नेता तेजस्वी प्रसाद यादव ने शपथ ली।

———बाइट———

मैथिली ठाकुर, अरूण शंकर प्रसाद और संजय सरावगी समेत मिथिला क्षेत्र से आने वाले कई विधायकों ने मैथिली भाषा में शपथ ली।

———बाइट———

एआईएमआईएम के अख्तरूल इमान समेत कई विधायकों ने उर्दू में शपथ ली।

———बाइट———

विधानसभा के कई सदस्यों ने अंग्रेजी भाषा में भी शपथ ली। अंग्रेजी में शपथ लेने वालों में जदयू के चेतन आनंद, राहुल कुमार सिंह और लोक जनशक्ति पार्टी, रामविलास के विष्णुदेव पासवान प्रमुख थे।

———बाइट———

भाजपा विधायक और पूर्व उप–मुख्यमंत्री तारकिशोर प्रसाद भाजपा के मिथिलेश तिवारी और जदयू के रत्नेश सादा ने संस्कृत भाषा में शपथ ली।

———बाइट———

इधर, सत्र की शुरूआत होने पर प्रोटेम स्पीकर नरेन्द्र नारायण यादव ने नवनिर्वाचित विधायकों को संबोधित करते हुए कहा कि जनता ने उन्हें बड़ी जिम्मेदारी सौंपी है। नवनिर्वाचित विधायकों को लोकतांत्रिक और संवैधानिक प्रावधानों के अनुसार सदन में जनहित के मुद्दों को मजबूती के साथ उठाना चाहिए।

———बाइट———

इस बीच संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी ने बताया कि आज सत्र के पहले दिन दो सौ छत्तीस विधायकों का शपथ ग्रहण हुआ। अनंत सिंह समेत छह विधायक अनुपस्थित रहने के कारण शपथ नहीं ले सके। प्रोटेम स्पीकर नरेन्द्र नारायण यादव का शपथ पूर्व में ही हो चुका है।

———बाइट———

भाजपा के वरिष्ठ नेता प्रेम कुमार बिहार विधानसभा के नये अध्यक्ष होंगे। उन्होंने आज विधानसभा अध्यक्ष पद के लिए अपना नामांकन पत्र दाखिल किया है। विपक्ष की ओर से किसी भी सदस्य ने अध्यक्ष पद के लिए नामांकन पत्र नहीं भरा है, जिस कारण उनका इस पद पर निर्विरोध निर्वाचन तय माना जा रहा है। कल उनके निर्वाचन की

औपचारिक घोषणा की जायेगी। लगातार नौवीं बार विधायक बने प्रेम कुमार ने कहा कि सदन में पक्ष और विपक्ष को साथ लेकर चलना उनकी प्राथमिकता होगी।

———बाइट———

इधर, हमारी संवाददाता ने बताया कि सत्र के दूसरे दिन कल नए विधानसभा अध्यक्ष का चुनाव होगा। एक रिपोर्ट—

———बाइट———

तीन दिसंबर को राज्यपाल दोनों सदनों— विधानसभा और विधान परिषद के सदस्यों को संयुक्त रूप से संबोधित करेंगे। इसी दिन राज्यपाल की ओर से प्रख्यापित अध्यादेशों की प्रति सदन पटल पर रखी जायेगी। साथ ही दूसरा अनुपूरक बजट भी पेश किया जाएगा। सत्र के चौथे दिन दोनों सत्रों में राज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा होगी और सरकार का उत्तर भी होगा। सत्र के अंतिम दिन पांच दिसम्बर को दोनों सदनों में दूसरे अनुपूरक बजट पर वाद—विवाद और मतदान होगा। इसी दिन इस पर मुहर लगेगी और फिर विनियोग विधेयक पेश होंगे। इस सत्र में सदस्यों से कोई भी सवाल नहीं लिए जायेंगे। सिर्फ पहले से तय कार्य ही संपादित होंगे। समाचार कक्ष से कामिनी ठाकुर।

---

कांग्रेस ने कहा है कि राजद के साथ अब कोई गठबंधन नहीं है। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम ने पटना में संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि राजद के साथ कांग्रेस का केवल चुनावी गठबंधन था।

———बाइट———

---

संसद का शीतकालीन सत्र आज से शुरू हो गया है। 19 दिनों चलने वाले इस सत्र में कुल 15 बैठकें होंगी। मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण सहित विभिन्न मुद्दों पर विपक्ष के हंगामे के बाद लोकसभा की कार्यवाही दिनभर तक के लिए स्थगित कर दी गई। इससे पहले, लोकसभा की कार्यवाही के बाद लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने दिवंगत सदस्यों अभिनेता धर्मेंद्र, कर्नल सेवानिवृत्त सोना राम चौधरी, प्रोफेसर विजय कुमार मल्होत्रा और रवि नाइक को श्रद्धांजलि अर्पित की।

वहीं, राज्यसभा में कार्यवाही शुरू होने पर नवनिर्वाचित सदस्यों को शपथ दिलाई गई। पहली बार राज्यसभा की अध्यक्षता करने वाले सदन के सभापति सी.पी. राधाकृष्णन का प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वागत किया। उन्होंने कहा कि श्री राधाकृष्णन का एक साधारण पृष्ठभूमि से उपराष्ट्रपति पद तक का सफर देश के लोकतंत्र की ताकत को दर्शाता है।

———बाइट———

समाज के प्रति समर्पित हो करके जितना कुछ अपने युवा काल से लेकर अब तक वो करते रहे हैं, वो हम सभी समाजसेवा के प्रति रुचि रखने वाले लोगों के लिए एक प्रेरणा है। सामान्य परिवार से, सामान्य समाज से राजनीतिक जहां अलग–अलग करवट बदलती रही, उसके बावजूद भी आपका यहां पहुंचना, हम सबका मागदर्शन प्राप्त होना, ये भारत के लोकतंत्र सबसे बड़ी ताकत है।

उपसभापति हरिवंश ने भी श्री राधाकृष्णन का स्वागत किया।

---

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि शीतकालीन सत्र केवल एक परम्परा ही नहीं बल्कि यह भारत को विकास की ओर ले जाने के प्रयासों को बल देता है। संसद के शीतकालीन सत्र से पहले संवाददाताओं को संबोधित करते हुए श्री मोदी ने बिहार चुनाव परिणामों का जिक्र करते हुए सभी दलों से आग्रह किया कि शीतकालीन सत्र हार से पैदा हुई हताशा का युद्धक्षेत्र न बने और न ही जीत से पैदा हुए अहंकार का अखाड़ा बने।

———बाइट———

---

सर्वोच्च न्यायालय ने आज वक्फ–संशोधन अधिनियम–2025 के अनुसार वक्फ संपत्तियों के पंजीकरण के लिए छह महीने की समय सीमा बढ़ाने की मांग वाली याचिकाओं पर विचार करने से इनकार कर दिया। न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने सुझाव दिया कि आवेदकों के लिए एक उपाय वक्फ न्यायाधिकरण के समक्ष पहले से ही उपलब्ध है, ऐसे में वे छह दिसम्बर तक इसकी मांग कर सकते हैं। इस अधिनियम के अनुसार आवेदक, वक्फ न्यायाधिकरण के समक्ष आवेदन दायर करके राहत चाहते हैं।

---

आज विश्व एड्स दिवस है। यह दिन लोगों को एचआईवी के खिलाफ लड़ाई में एकजुट होने और एचआईवी पीडित लोगों के प्रति समर्थन व्यक्त करने का भी अवसर प्रदान करता है। इस अवसर पर केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री जे.पी. नड्डा ने कहा कि यह दिवस एचआईवी की रोकथाम, उपचार और देखभाल के लिए सरकार की अटूट प्रतिबद्धता को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि यह दिन एचआईवी से संक्रमित और प्रभावित लोगों के साथ एकजुटता दिखाने और इसके फैलने से जुड़ी भ्रांतियों और भ्रांतियों को दूर करने का अवसर प्रदान करता है। इधर, विश्व एडस् दिवस पर प्रदेशभर में जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

---

प्रदेशभर के अधिकतम और न्यूनतम तापमान में उतार–चढ़ाव का सिलसिला जारी है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले चौबीस घंटों के दौरान ग्यारह दशमलव आठ डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान के साथ किशनगंज राज्य का सबसे ठंडा स्थान रहा। मौसम पूर्वानुमान में कहा गया है कि अगले अड़तालीस घंटों के दौरान न्यूनतम तापमान में दो से चार डिग्री सेल्सियस की गिरावट आ सकती है।

---

01. नव गठित अठारहवीं बिहार विधानसभा का प्रथम सत्र आज से शुरू। प्रोटेम स्पीकर नरेंद्र नारायण यादव ने नवनिर्वाचित सदस्यों को दिलाई शपथ।अनंत सिंह समेत छह सदस्य नहीं ले सके शपथ।

02 भाजपा के वरिष्ठ नेता प्रेम कुमार विधानसभा के नये अध्यक्ष होंगे। किया नामांकन। कल होगी निर्वाचन की औपचारिक घोषणा।

03. संसद का शीतकालीन सत्र भी आज से शुरू हुआ। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विपक्षी दलों से बिहार विधानसभा चुनाव की हार से बाहर निकलकर सत्र के सुचारू संचालन में भाग लेने की अपील की।

04. और, कांग्रेस ने कहा– राजद के साथ अब नहीं है कोई गठबंधन। दोनों दलों का चुनावी गठबंधन था।

---

समाप्त